06080

17

सत्यमेव जयते

31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों

पर

वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन

भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग ✦ INDIAN AUDIT AND ACCOUNTS DEPARTMENT

सत्यमेव जयते
हिमाचल प्रदेश सरकार

हिमाचल प्रदेश सरकार

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)
हिमाचल प्रदेश, शिमला

31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों

6 DEC 20 को हि०प्र०
विधान सभा पटल पर रखा गया।

पर

वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन

हिमाचल प्रदेश सरकार

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा)

हिमाचल प्रदेश, शिमला

अनुक्रमणिका

विवरण	परिच्छेद्	पृष्ठ संख्या
प्रस्तावना		v
विहंगावलोकन		vii-ix
भाग-क **पंचायती राज संस्थाऐं**		
अध्याय -1 **पंचायती राज संस्थाओं की रूपरेखा**		
पंचायती राज संस्थाओं की पृष्ठभूमि	1.1	1
नियंत्रक महालेखापरीक्षक का लेखापरीक्षा अधिदेश	1.2	1
पंचायती राज संस्थाओं का संगठनात्मक ढांचा	1.3	2
वित्तीय रूपरेखा	1.4	3
पंचायती राज संस्थाओं में लेखा प्रणाली	1.5	5
लेखापरीक्षा व्याप्ति	1.6	6
पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग और उत्तरदायित्व की रूपरेखा (आंतरिक नियंत्रण प्रणाली)	1.7	6
अध्याय -2 **पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा का परिणाम**		
राजस्व	2.1	11
बकाया अग्रिम	2.2	12
निविदाएं आमंत्रित किए बिना वस्तुओं की खरीद	2.3	13
निर्माण कार्यों को आरंभ न किए जाने के कारण निधियों का अवरोधन	2.4	14
संदेहपूर्ण विस्तारण	2.5	14
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम का कार्यान्वयन	2.6	15
भाग-ख **शहरी स्थानीय निकाय**		
अध्याय-3 **शहरी स्थानीय निकायों की रूपरेखा**		
शहरी स्थानीय निकायों की पृष्ठभूमि	3.1	17
लेखापरीक्षा अधिदेश	3.2	17
शहरी स्थानीय निकायों का संगठनात्मक ढांचा	3.3	17
वित्तीय रूपरेखा	3.4	19
लेखापरीक्षा व्याप्ति	3.5	21
शहरी स्थानीय निकायों का वित्तीय विवरण एवं लेखांकन ढांचा (आंतरिक नियंत्रण प्रणाली)	3.6	21

अध्याय-4 शहरी स्थानीय निकायों की लेखापरीक्षा के परिणाम		
राजस्व	4.1	25
स्थापना पर व्यय आधिक्य	4.2	28
जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के अन्तर्गत निधियों का अवरोधन	4.3	29
देयता का सृजन	4.4	30
आकस्मिक अग्रिमों का समायोजन न किया जाना	4.5	30
निरर्थक निवेश	4.6	32
परिसम्पत्तियों का उपयोग न होना	4.7	32
निधियों का अवरोधन	4.8	32

परिशिष्ट		
विवरण	परिशिष्ट संख्या	पृष्ठ संख्या
पंचायती राज संस्थाओं के संस्वीकृत पद	1	35
लेखापरीक्षा आच्छादन- 2012-13 के दौरान लेखापरीक्षित शहरी स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं का विवरण	2	36
बजट आकलनों को तैयार न करना	3	40
2007-13 के दौरान ग्राम पंचायतों द्वारा अभिलेखों का गैर-अनुरक्षण	4	42
बैंक पास बुक के साथ रोकड़ बहियों के अंतर का मिलान न किया जाना	5	43
सामग्री का लेखांकन न करना	6	46
13वें वित्त अयोग के अन्तर्गत निधियों का अवरोधन	7	47
गृह कर की वसूली न होना 2007-12	8	48
दुकानों का बकाया किराया	9	50
2006-12 के दौरान संविदाकारों/आपूर्तिकर्त्ताओं से रॉयल्टी की वसूली न होना	10	51
मोबाइल टावरों के प्रतिष्ठापन के आधार पर शुल्क की अवसूली	11	52
बकाया अग्रिम	12	53
कोटेशनों को आमंत्रित किये बिना सामग्री की खरीद	13	54
कार्यों के शुरू न होने के कारण निधियों का अवरोधन	14	56
मस्टर रोलों पर दो बार भुगतान का ब्यौरा	15	57
मनरेगा के अन्तर्गत निष्पादित कार्यों के सामग्री संघटकों पर व्यय आधिक्य	16	58
मनरेगा स्कीम के अन्तर्गत भुगतानों के जारी किये जाने में विलम्ब	17	59
शहरी स्थानीय निकायों का संस्वीकृत स्टाफ	18	60
शहरी स्थानीय निकायों के बजट आकलनों तथा वास्तविक व्यय का विवरण	19	62
गृह कर की दरों के गैर-नवीकरण के कारण राजस्व की हानि	20	65
बकाया गृह कर (2008-13)	21	66
दुकानों/स्टालों से किराए की गैर वसूली (2008-13)	22	67
मोबाइल टावरों पर प्रतिष्ठापन के आधार पर शुल्क की वसूली न होना	23	68
2009-12 के दौरान निर्धारित मानकों के आधिक्य में स्थापना पर हुआ व्यय	24	69

प्रस्तावना

1. नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक के डी0पी0सी0 एक्ट, 1971 की धारा 20(1) के अन्तर्गत भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सुपुर्द पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों की लेखापरीक्षा के तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता के नियमों एवं शर्तों के अनुरूप वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन राज्य सरकार को हिमाचल प्रदेश विधान सभा के समक्ष रखे जाने के लिए प्रस्तुत किया गया है।

2. यह प्रतिवेदन राज्य में पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्रियाविधि का विहंगावलोकन उपलब्ध करवाता है तथा निष्पादन विभागों का 2012-13 के दौरान लेखापरीक्षा के मुख्य लेखापरीक्षा परिणामों की तरफ उचित सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए ध्यान दिलाता है।

3. प्रतिवेदन में चार अध्याय हैं। अध्याय-1 तथा अध्याय-3 में पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों का विहंगावलोकन तथा वित्तीय प्रतिवेदन पर टिप्पणियां हैं। अध्याय-2 तथा अध्याय-4 में पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों की लेनदेन लेखापरीक्षाओं से उभर कर आने वाले परिणाम हैं।

4. इस प्रतिवेदन में वर्णित मामले 117 पंचायती राज संस्थाओं (छः जिला परिषदें, 19 पंचायत समितियां तथा 92 ग्राम पंचायतें) तथा 15 शहरी स्थानीय निकायों (एक नगर निगम, छः नगर परिषदें तथा आठ नगर पंचायतें) के लेखा की लेखापरीक्षा से उभर कर आने वाले मुख्य लेखापरीक्षा निष्कर्षों का समेकन हैं तथा वर्ष 2012-13 के दौरान पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों के वार्षिक लेखा (प्राप्तियां एवं व्यय लेखा) की नमूना जांच के दौरान जो मुख्य रूप से ध्यान में आए उनमें से हैं।

विहंगावलोकन

विहंगावलोकन

यह प्रतिवेदन दो भागों में है तथा चार अध्यायों से अन्तर्विष्ट है। अध्याय 1 तथा 2 पंचायती राज संस्थाओं से सम्बंधित हैं तथा अध्याय 3 तथा 4 शहरी स्थानीय निकायों से सम्बंधित हैं। इस विहंगावलोकन में महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों का सारांश प्रस्तुत किया जाता है:

पंचायती राज संस्थाओं की रूप रेखा

73वें संवैधानिक संशोधन से पंचायती राज संस्थाओं को एक संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। इसकी निरंतरता में विभाग द्वारा संविधान की 11वीं अनुसूची में सूचीबद्ध सभी 29 कार्यकलाप पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित किए गए थे। तथापि पंचायती राज संस्थाओं को निधियां एवं पदाधिकारी हस्तांतरित किए जाने शेष थे।

राज्य में 12 जिला परिषदें, 77 पंचायत समितियां तथा 3,243 ग्राम पंचायतें हैं। 2012-13 के दौरान छः जिला परिषदों, 19 पंचायत समितियों तथा 92 ग्राम पंचायतों के नमूना जांचित अभिलेखों ने वित्तीय प्रतिवेदन मामले जैसे (क) बजट आकलनों की तैयारी न होना (ख) पंजिकाओं जैसे स्टॉक पंजिका, अचल सम्पत्ति पंजिका, कार्य पंजिका, मस्टर रोल पंजिका आदि का अनुरक्षण न करना (ग) स्वत्व संसाधनों तथा सहायता अनुदान/ऋण के लेखा का अनुचित अनुरक्षण (घ) रोकड़ बहियों तथा बैंक पास बुकों के मध्य समाधान न होना (ड़) उपार्जित सामग्रियों का अनुत्तरदायित्व (च) कार्यों के लेखा का अनुचित अनुरक्षण (छ) तेरहवें वित्त आयोग के अन्तर्गत उपलब्ध करवाई गई निधियों का अवरोधन आदि।

(अध्याय-1)

पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा के परिणाम

इक्यावन ग्राम पंचायतों ने ₹ 12.14 लाख के गृह कर की वसूली नहीं की। दस पंचायती राज संस्थाएं ₹ 35.77 लाख की राशि दुकानों के किराया प्रभारों के आधार पर वसूलने में असफल रहीं। तीस ग्राम पंचायतों ने ₹ 5.04 लाख की राशि की रॉयल्टियां आपूर्त्तिकर्त्ताओं से प्राप्त नहीं की। उन्नीस ग्राम पंचायतों में मोबाइल टावरों के प्रतिष्ठापना प्रभारों के नवीकरण के आधार पर ₹ 4.02 लाख का राजस्व अवसूल रहा। **आठ** ग्राम पंचायतें तथा एक पंचायत समिति ₹ 12.01 लाख के अदत्त अग्रिम वसूलने/समायोजित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। तैंतालिस पंचायती राज संस्थाओं ने कोटेशन/निविदाओं को आमंत्रित किए बिना ₹ 1.90 करोड़ की सामग्री खरीदी थी। चौदह पंचायती राज संस्थाओं में ₹ 62.87 लाख की निधियां कार्यों के

प्रारम्भ न होने के कारण अव्ययित रही। छ: ग्राम पंचायतों ने एक ही अवधि में अलग-अलग कार्यों पर उन्हीं श्रमिकों को तैनात किया। ग्राम पंचायत बैरागढ़ (जिला चम्बा) ने एक कैलेंडर मास की गैर मौजूद तिथियों के लिए ₹ 0.03 लाख की मजदूरी का भुगतान किया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना मजदूरी सामग्री अनुपात के अनुरक्षण न होने तथा श्रम भुगतान को जारी करने में हुए विलम्ब से प्रभावित हुई।

(अध्याय-2)

शहरी स्थानीय निकायों की रूपरेखा

राज्य में एक नगर निगम, 25 नगर परिषदें तथा 23 नगर पंचायतें हैं। 74वें संवैधानिक संशोधन ने शहरी स्थानीय निकायों के लिए निधियों तथा पदाधिकारियों सहित संविधान की 12वीं अनुसूची में सूचीबद्ध 18 कार्यों के हस्तांतरण तथा शक्ति के विकेन्द्रीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। यद्यपि शहरी स्थानीय निकायों को हस्तांतरित सभी 18 कार्य हैं, तो भी शहरी स्थानीय निकायों की निधियां एवं पदाधिकारी हस्तांतरित किये जाने हैं। राज्य सरकार ने लेखा के प्रमाणन के लिए किन्हीं एक्ट/नियमों का प्रावधान नहीं किया है। एक नगर निगम, छ: नगर परिषदों तथा आठ नगर पंचायतों के अभिलेखों की 2012-13 के दौरान की गई नमूना जांच ने वित्तीय प्रतिवेदन मामले जैसे (क) लेखा का गैर-प्रमाणन (ख) बजट आकलनों को यथार्थ पूर्ण तरीके से तैयार न करना दर्शाया।

(अध्याय-3)

शहरी स्थानीय निकायों की लेखापरीक्षा के परिणाम

राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार चार शहरी स्थानीय निकायों द्वारा गृह कर की दरों को संशोधित न करने के परिणामस्वरूप ₹ 1.70 करोड़ के राजस्व का घाटा हुआ। इसके अतिरिक्त, आठ शहरी स्थानीय निकायों में गृह कर के प्रभावहीन अनुश्रवण के कारण ₹ 5.33 करोड़ का राजस्व बकाया पड़ा था। नगर परिषद् बद्दी ने गृह कर नहीं लगाया तथा ₹ 20.67 लाख की राशि का स्वच्छता कर तथा ₹ 54.23 लाख की राशि का विद्युत कर लगाने में भी असफल रही। सात शहरी स्थानीय निकाय सम्बंधित आवंटितियों से ₹ 1.92 करोड़ की राशि का दुकान किराया वसूलने में असफल रहे। नगर निगम शिमला भी ₹ 32.84 लाख का पट्टा धन वसूलने में असफल रहा। सात शहरी स्थानीय निकायों द्वारा मोबाइल टावरों के प्रतिष्ठापन/नवीकरण प्रभारों की वसूली में असफलता के परिणामस्वरूप ₹ 47.05 लाख के राजस्व की हानि हुई। तीन शहरी स्थानीय निकायों ने मानदण्डों से अधिक ₹ 3.14 करोड़ का व्यय किया। नगर निगम,

शिमला ने शिमला के विभिन्न क्षेत्रों में छोड़ी गई/जीर्ण सिवरेज तथा लुप्त लाइनों में सिवरेज नेटवर्क के जीर्णोद्धार के लिए जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के अन्तर्गत ₹ 12.33 करोड़ का उपयोग नहीं किया। यह पानी के बिलों के भुगतान करने में भी असफल रहा जिसके परिणामस्वरूप ₹ 112.66 करोड़ की दायिता का सृजन हुआ तथा अभिलेखों के उपलब्ध न होने के कारण ₹ 24.52 करोड़ के आकस्मिक अग्रिम समायोजित/वसूल नहीं किए। इसने बिना उचित योजना के कार पार्किंगों पर ₹ 25.60 लाख का व्यय भी किया। नगर पंचायत भोटा (जिला हमीरपुर) कूड़े के निस्तारण हेतु हाईड्रोलिक टिप्पर खरीद के लिए उपलब्ध ₹ 7.50 लाख की निधियों का उपयोग करने में असफल रहा।

(अध्याय-4)

अध्याय-1

पंचायती राज संस्थाओं की रूपरेखा

अध्याय-1

पंचायती राज संस्थाओं की रूपरेखा

1.1 पंचायती राज संस्थाओं की पृष्ठभूमि

73वें संवैधानिक संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया तथा वित्त आयोगों के माध्यम से निधियों के नियमित प्रवाह, समान ढांचे तथा नियमित चुनावों की पद्धति स्थापित की। इसके अनुवर्ती राज्यों से इन निकायों को ऐसी शक्तियां, कार्य एवं उत्तरदायित्व दिए जाने की अपेक्षा की जाती थी जो उन्हें स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम करें। विशेषकर पंचायती राज संस्थाओं से संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में श्रेणीबद्ध कार्यों सहित आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय के लिए योजनाओं के निर्माण और स्कीमों के कार्यान्वयन की अपेक्षा की जाती थी। संविधान की 11वीं अनुसूची में श्रेणीबद्ध समस्त 29 कार्य पंचायती राज संस्थाओं को सौंपे गए थे। तथापि विभागों द्वारा निधियां सौंपी नहीं जा रही थी। निदेशक, पंचायती राज ने बताया (अक्तूबर 2013) कि समय-समय पर पंचायती राज संस्थाओं को सौंपे गए कार्यों के साथ अनुरूपता में निधियों एवं कार्यों को सौंपे जाने के लिए निर्दिष्ट विभागों का अनुवर्तन किया जा रहा था।

इन संस्थाओं को सरकार के तृतीय स्तर के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाने हेतु राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 बनाया और हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (सामान्य) नियमावली, 1997 एवं हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखों, लेखापरीक्षा, कार्य, कराधान और भत्ते) नियमावली, 2002 की रूपरेखा तैयार की। नियंत्रक महालेखापरीक्षक एवं पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2009 में निर्धारित की गई लेखा संरचना राज्य सरकार द्वारा अपनाई गई थी और तदानुरूप वार्षिक लेखों (प्राप्तियां एवं व्यय) का अनुरक्षण पंचायती राज संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है।

1.2 नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का लेखापरीक्षा अधिदेश

हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा निदेशक, पंचायती राज विभाग के लेखापरीक्षा स्कंध द्वारा संचालित की जा रही है। राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक को नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (डी0पी0सी0) अधिनियम, 1971 के खंड 20(1) के अंतर्गत तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध करवाने के उत्तरदायित्व के साथ सौंपी (मार्च 2011) थी। लेखापरीक्षा के परिणाम वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन, जो कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम,1994 के खंड 118 के अनुसार राज्य विधानसभा के सम्मुख प्रस्तुत किया जाना होता है, में सम्मिलित है।

1.3 पंचायती राज संस्थाओं का संगठनात्मक ढांचा

नीचे दिया गया चार्ट राज्य सरकार, पंचायती राज विभाग और जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं के संगठनात्मक ढांचे को दिखाता है:



जिला परिषदों एवं पंचायत समितियों के अध्यक्ष तथा ग्राम पंचायतों के प्रधान निर्वाचित सदस्य होते हैं और क्रमशः जिला परिषदों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों की अध्यक्षता करते हैं। जिला स्तरीय अधिकारियों से विकासात्मक गतिविधियों पर चर्चा करने के लिए जिला परिषदों की मासिक बैठकों में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जाती है।

1.3.1 स्थायी समितियां

पंचायती राज संस्थाओं में विभिन्न स्थायी समितियां और उनकी भूमिका एवं उत्तरदायित्व **तालिका 1** में दिये गये हैं।

तालिका 1: स्थायी समितियों की भूमिका एवं उत्तरदायित्व

पंचायती राज संस्थाओं का स्तर	स्थायी समिति का अध्यक्ष	स्थायी समितियों का नाम	स्थायी समिति की भूमिका एवं उत्तरदायित्व
जिला परिषद्	अध्यक्ष	सामान्य स्थायी समिति	स्थापना मामलों, संचार, भवनों आदि से सम्बंधित कार्यों का निष्पादन।
		वित्त, लेखापरीक्षा एवं योजना समिति	जिला परिषद् के वित्त से सम्बंधित कार्यों का निष्पादन।
		सामाजिक न्याय समिति	कार्यों जैसे अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/पिछड़े वर्गों की शिक्षा, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं अन्य हितों, का निष्पादन।
		शिक्षा एवं स्वास्थ्य समिति	राष्ट्रीय नीति और राष्ट्रीय एवं राज्य योजनाओं के ढांचे के अंतर्गत जिले में शिक्षा योजना का जिम्मा लेती है।
		कृषि और उद्योग समिति	कृषि उत्पादन, पशुपालन, सहकारिता, ग्रामीण एवं कुटीर उद्योगों आदि से सम्बंधित कार्यों का निष्पादन।
पंचायत समिति	अध्यक्ष	सामान्य स्थायी समिति	स्थापना मामलों और संचार आदि से सम्बंधित कार्यों का निष्पादन।
		वित्त, लेखापरीक्षा और योजना समिति	पंचायत समिति के वित्त से सम्बंधित कार्यों का निष्पादन।
		सामाजिक न्याय समिति	कार्यों जैसे अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/पिछड़े वर्गों की शिक्षा, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य हितों का निष्पादन।
ग्राम पंचायत	प्रधान	कार्य समिति	ग्राम पंचायतों के समस्त विकासात्मक कार्य इस समिति द्वारा निष्पादित किए जाते हैं।
		बजट समिति	ग्राम पंचायत का वार्षिक बजट तैयार करती है और इसे सचिव को प्रस्तुत करती है।

1.3.2 स्कीमों के कार्यान्वयन हेतु संस्थानात्मक प्रबंध

पंचायती राज संस्थाओं के पास तकनीकी और गैर-तकनीकी स्टॉफ होता है। विभिन्न संवर्गों के 8186 संस्वीकृत पदों में से मार्च 2013 तक पंचायत सहायक/सचिवों के 200 पद रिक्त थे **(परिशिष्ट-1)**।

पंचायत सचिवों/सहायकों को पंचायती राज संस्थाओं में 45 दिनों का आधारभूत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उनकी दक्षता के प्रोन्नयन के लिए विभाग द्वारा संगणक प्रशिक्षण सहित पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

1.4 वित्तीय रूपरेखा

1.4.1 पंचायती राज संस्थाओं को निधि प्रवाह

निधि प्रवाह: पंचायती राज संस्थाओं में निधियों का स्रोत और अभिरक्षण

पंचायती राज संस्थाओं के स्रोत अनुरक्षण/विकास उद्देश्यों और स्कीमों के कार्यान्वयन हेतु राज्य वित्त आयोग अनुदान, केन्द्रीय वित्त आयोग अनुदान, राज्य सरकार अनुदान और केन्द्र सरकार अनुदान हैं। निधिवार स्रोत और प्रत्येक स्तर के लिए उनके अभिरक्षण के साथ-साथ प्रमुख स्कीमों हेतु निधि प्रवाह प्रबंध **तालिका 2** और **तालिका 3** में दिए गए हैं:

तालिका 2: निधि प्रवाह: पंचायती राज संस्थाओं में निधियों का स्त्रोत व अभिरक्षण

निधि की प्रवृत्ति	जिला परिषदें		पंचायत समितियां		ग्राम पंचायतें	
	निधि का स्त्रोत	निधि का अभिरक्षण	निधि का स्त्रोत	निधि का अभिरक्षण	निधि का स्त्रोत	निधि का अभिरक्षण
अपनी प्राप्तियां	जिला परिषदें	बैंक	पंचायत समितियां	बैंक	ग्राम पंचायतें	बैंक
राज्य योजना	राज्य सरकार	बैंक	राज्य सरकार	बैंक	राज्य सरकार	बैंक
राज्य वित्त आयोग	राज्य सरकार	बैंक	राज्य सरकार	बैंक	राज्य सरकार	बैंक
केन्द्रीय वित्त आयोग	भारत सरकार	बैंक	भारत सरकार	बैंक	भारत सरकार	बैंक
केन्द्रीकृत प्रायोजित स्कीमें	भारत सरकार	बैंक	भारत सरकार	बैंक	भारत सरकार	बैंक

जब पंचायती राज संस्थाओं द्वारा भारत सरकार और राज्य सरकार से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार केन्द्रीय एवं राज्य प्रायोजित स्कीमों के निष्पादन के लिए केन्द्रीय व राज्य अनुदान प्रयुक्त किये जाते हैं, तब पंचायती राज संस्थाओं की अपनी प्राप्तियां पंचायती राज संस्थाओं द्वारा तैयार की गई स्कीमों/कार्यों के निष्पादन हेतु प्रयुक्त की जाती हैं।

तालिका 3: प्रमुख केन्द्रीय प्रायोजित सर्वोत्कर्ष स्कीमों में निधि प्रवाह प्रबंध

क्रमांक	स्कीम	निधि प्रवाह प्रबंध
1.	महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम (मनरेगा)	भारत और राज्य सरकार अपना-अपना मनरेगा निधियों का अंश राज्य रोजगार गारंटी निधि नामक बैंक खाते में हस्तांतरित करवाते हैं जो राज्य लेखा से बाहर स्थित होता है। उपायुक्त, राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी राज्य रोजगार गारंटी निधि का अभिरक्षक होता है और जिला परिषदों, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों को निधियों के आगे हस्तांतरण को प्राधिकृत करता है।
2.	इंदिरा आवास योजना	इंदिरा आवास योजना एक केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम है जिसका भारत और राज्य सरकार के मध्य 75:25 के अनुपात में लागत विभाजन के आधार पर निधियन होता है। निधियां ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों को हस्तांतरित की जाती हैं जो इन निधियों के अभिरक्षक होते हैं। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण निधियां खंड विकास अधिकारियों को जारी करते हैं और खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायतों को निधियां जारी करते है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतें निधियों को सीधे लाभार्थियों के खातों में दो किस्तों में हस्तांतरित करती हैं। दूसरी किस्त लिंटल स्तर तक निर्माण होने के बाद जारी की जाती है।
3.	एकीकृत जलागम विकास कार्यक्रम	एकीकृत जलागम विकास कार्यक्रम केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम है जिसका भारत सरकार और राज्य सरकार के मध्य 5500: 500 प्रति हेक्टेयर के अनुपात में लागत विभाजन के आधार पर निधियन होता है। निधियां जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा जलागम समिति को जारी की जाती हैं जो बैंक में खाता खोलती है। इस स्कीम के अंतर्गत निधि का प्रवाह भारत सरकार, जलागम विकास विभाग से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण से परियोजना कार्यान्वयन अभिकरण, परियोजना कार्यान्वयन अभिकरण से जलागम समिति और जलागम समिति से निष्पादन अभिकरणों को होता है।
4.	स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना	परियोजना की कुल लागत 75:25 के अनुपात में केन्द्र व राज्य के मध्य विभाजित की जाती है। निधियां ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों को हस्तांतरित की जाती हैं; जिला ग्रामीण विकास अभिकरण निधियां खंड विकास अधिकारियों को जारी करते हैं और खंड विकास अधिकारी निधियां सीधे लाभार्थियों को जारी करते हैं।
5.	समग्र स्वच्छता अभियान	इस योजना के अंतर्गत केन्द्र, राज्य एवं समुदाय के मध्य निधियां क्रमश: 60:30:10 के अनुपात में विभाजित होती हैं। भारत सरकार से निधियों की प्राप्ति पर उसे समरूप अंश के साथ ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के खाते को जारी कर दिया जाता है। तथापि समुदाय का अंशदान पंचायत द्वारा अपने संसाधनों से, 13वें वित्त आयोग के अनुदानों से अथवा राज्य की किसी अन्य निधि, जिसे राज्य द्वारा स्वीकृत किया गया हो, से किया जा सकता है।

1.4.2 संसाधन: प्रवृत्तियां एवं संयोजन

2008-09 से 2012-13 की अवधि के लिए पंचायती राज संस्थाओं के संसाधनों का ब्यौरा **तालिका 4** में दिया गया है:

तालिका 4: पंचायती राज संस्थाओं के संसाधनों पर समयावली आंकड़े

(₹ करोड़ में)

	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
अपना राजस्व	7.35	7.72	7.81	31.52	अनुपलब्ध
केन्द्रीय वित्त आयोग हस्तांतरण (वित्त आयोग अंतरण)	29.40	29.40	52.14	80.80	93.21
राज्य वित्त आयोग हस्तांतरण (राज्य वित्त आयोग अंतरण)	51.80	51.83	48.02	67.53	62.95
राज्य सरकार से अनुदान	65.93	69.87	71.65	72.88	70.40
केन्द्र सरकार से अनुदान	61.76	58.57	82.79	113.15	131.16
केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के लिए भारत सरकार के अनुदान	528.57	505.29	818.56	735.20	488.57
राज्य स्कीमों के लिए राज्य सरकार अनुदान	22.02	25.99	33.24	22.20	15.80
अन्य प्राप्ति	3.38	3.55	3.60	1.00	1.00
योग	**770.21**	**752.22**	**1117.81**	**1124.28**	**863.09**

टिप्पणी: केन्दीय प्रायोजित स्कीम हेतु भारत सरकार के अनुदान में कमी राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम के अंतर्गत निधियों की कम मांग के कारण थी।

1.4.3 संसाधनों का अनुप्रयोग: प्रवृत्ति एवं संयोजन

2008-09 से 2012-13 की अवधि के लिए पंचायती राज संस्थाओं के संसाधनों के अनुप्रयोग का विवरण **तालिका 5** में दिया गया है:

तालिका 5: क्षेत्रवार संसाधनों का अनुप्रयोग

(₹ करोड़ में)

	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
केन्द्रीय वित्त आयोग हस्तांतरणों से व्यय (केन्द्रीय वित्त आयोग अंतरण)	29.40	29.40	52.14	80.80	93.21
राज्य वित्त आयोग हस्तांतरणों से व्यय (राज्य वित्त आयोग अंतरण)	51.80	51.83	48.02	67.53	62.95
राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से अनुदानों से व्यय	138.42	128.44	154.44	187.02	202.52
केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम पर व्यय	398.80	643.58	594.89	591.35	544.51
राज्य स्कीमों पर व्यय	21.31	25.24	32.18	21.49	16.26
योग	**639.73**	**878.49**	**881.67**	**948.19**	**919.45**

स्रोत: निदेशक, पंचायती राज और निदेशक, ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश।

यह पाया गया कि पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित की गई समस्त निधियां व्यय के रूप में दर्शाई गई हैं। पंचायती राज संस्थाओं द्वारा किये गये व्यय की सही संख्या पंचायती राज विभाग के पास उपलब्ध नहीं थी।

1.5 पंचायती राज संस्थाओं में लेखा प्रणाली

पंचायती राज संस्थाऐं अपने लेखे हिमाचल प्रदेश पंचायती राज सामान्य नियमावली, 1997 के अंतर्गत निर्धारित प्रोफार्मा में अनुरक्षित करती हैं। ग्राम पंचायतों के लेखे निदेशक-एवं-विशेष, सचिव, पंचायती

राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नियुक्त पंचायत सचिव तथा कार्यकारी अधिकारी-एवं-खंड विकास अधिकारी द्वारा अनुबंध आधार पर नियुक्त पंचायत सहायक द्वारा अनुरक्षित किए जाते हैं। पंचायत समितियों के मामले में विकासात्मक खंडों के लेखाकार लेखाओं को अनुरक्षित करते हैं। जिला परिषदों के लेखा जिला पंचायत अधिकारी-एवं-सचिव, जिला परिषद् के कार्यालय के सरकारी कर्मचारियों द्वारा अनुरक्षित किए जाते हैं।

ग्यारहवें वित्त आयोग ने अनुशंसा की थी कि नियंत्रक महालेखापरीक्षक को पंचायती राज संस्थाओं के सभी तीनों स्तरों के लेखा के अनुरक्षण पर नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण रखना चाहिए। नियंत्रक महालेखापरीक्षक और पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार ने 2009 में पंचायती राज संस्थाओं हेतु मॉडल लेखाकरण संरचना की अनुशंसा की थी। निदेशक, पंचायती राज विभाग ने कहा (अगस्त 2012) कि राज्य सरकार ने मॉडल लेखाकरण संरचना के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं में लेखा के अनुरक्षण हेतु पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर, प्रिया सॉफ्ट अपनाया था। वर्तमान में इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से आंकड़े अपलोड करने की प्रक्रिया निष्पादित की जा रही है।

1.6 लेखापरीक्षा व्याप्ति

प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), हिमाचल प्रदेश, नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (डी0पी0सी0) अधिनियम, 1971 के खंड 20(1) के अंतर्गत तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध करवाने के उत्तरदायित्व के साथ पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा संचालित करता है। 2012-13 के दौरान कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), हिमाचल प्रदेश द्वारा छः जिला परिषदों (12 में से), 19 पंचायत समितियों (77 में से)और 92 ग्राम पंचायतों (3,243 में से) के लेखाओं की लेखापरीक्षा संचालित की गई थी **(परिशिष्ट-2)**। महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा परिणामों पर निम्नवत परिच्छेदों में चर्चा की गई है।

1.7 पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग और उत्तरदायित्व की रूपरेखा (आंतरिक नियंत्रण प्रणाली)

राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के कुशल तथा प्रभावशाली परिचालन में मजबूत आंतरिक नियंत्रण प्रणाली महत्वपूर्ण योगदान देती है। वित्तीय नियमों, प्रक्रियाओं तथा निर्देशों की अनुपालना के साथ-साथ समयबद्धता ऐसी अनुपालना की प्रास्थिति पर रिपोर्टिंग की गुणवत्ता अच्छे परिचालन की विशेषताएं हैं। यदि अनुपालना तथा नियन्त्रणों पर प्रतिवेदन प्रभावशाली तथा प्रचालानात्मक हो तो वे दावेदारों की जिम्मेदारियों एवं निर्णय से आधारभूत योजना के साथ पंचायती राज संस्थाओं व सरकार को इसके आधारभूत प्रबंधन उत्तरदायित्वों को पूर्ण करने में सहयोग देता हैं। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में निम्नवत् विसंगतियां पाई गई थी:

1.7.1 पंचायती राज संस्थाओं की प्राथमिक लेखापरीक्षा

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के खंड 118 में किए गए संशोधन के अनुसार स्थानीय लेखापरीक्षा विभाग को पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा करने का अधिकार दिया गया है। अभी तक विभाग में स्टाफ की कमी के कारण स्थानीय लेखापरीक्षा विभाग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं की

लेखापरीक्षा संचालित नहीं की गई है। हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के खंड 118 का उपखंड(1) में यह भी प्रावधान है कि आय और व्यय पर उचित वित्तीय नियंत्रण रखने के लिए पंचायती राज संस्थाओं के लेखाओं की लेखापरीक्षा हेतु निदेशक, पंचायती राज के नियंत्रण के अंतर्गत एक अलग और स्वतंत्र आंतरिक लेखापरीक्षा अभिकरण होगा। अप्रैल 2012 से मार्च 2013 के दौरान निदेशक, पंचायती राज के अंतर्गत लेखापरीक्षा स्कंध द्वारा संचालित की गई आंतरिक लेखापरीक्षा की स्थिति **तालिका 6** में दी गई है:

तालिका 6: आंतरिक लेखापरीक्षा की स्थिति

संस्था का नाम	कुल इकाइयां	लेखापरीक्षा हेतु योजनागत इकाइयों की संख्या	लेखापरीक्षा की गई इकाइयों की संख्या	गैर-लेखापरीक्षित इकाइयों की संख्या	कमी का प्रतिशत
(1) पंचायत समितियां	77	67	49	18	27
(2) ग्राम पंचायत	3243	2411	1474	937	39

स्रोत: निदेशक, पंचायती राज संस्था।

लेखापरीक्षा ने यह भी पाया कि निदेशक, पंचायती राज के अधीन लेखापरीक्षा स्कंध ने 2012-13 के दौरान किसी भी जिला परिषद् की आंतरिक लेखापरीक्षा की योजना नहीं बनाई थी। संयुक्त निदेशक, पंचायती राज संस्था ने कहा कि जिला परिषदों की आंतरिक लेखापरीक्षा नहीं की जा सकी थी क्योंकि उप नियंत्रक (लेखापरीक्षा) का पद रिक्त था और जिला लेखापरीक्षा अधिकारी का एक पद और पंचायत लेखापरीक्षकों के 22 पद भी रिक्त थे जिसके कारण पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों की लेखापरीक्षा योजना अनुसार नहीं की जा सकी थी।

1.7.2 बजट आकलनों को तैयार न किया जाना

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली, 2002 के नियम 37 और 38 में प्रावधान है कि आने वाले वर्ष के लिए संभावित प्राप्तियां एवं व्यय दर्शाने वाले ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों के वार्षिक बजट आकलन ग्राम सभा, पंचायत समिति अथवा जिला परिषद द्वारा जैसा भी मामला हो, बहुमत से, आगामी वित्त वर्ष के आरंभ से पूर्व तैयार और अनुमोदित किए जाने अपेक्षित हैं।

यह पाया गया कि एक जिला परिषद् (छः नमूना जांचित जिला परिषदों में से), आठ पंचायत समितियों (19 नमूना जांचित पंचायत समितियों में से) और 17 ग्राम पंचायतों (92 नमूना जांचित पंचायतों में से) ने 2008 और 2013 के मध्य की अवधि के लिए वार्षिक बजट आकलन तैयार नहीं किए थे। तथापि, इस अवधि के दौरान आकलनों के अनुमोदन के बिना ₹ 24.26[1] करोड़ का व्यय किया गया था जो हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली, 2002 के विपरीत था **(परिशिष्ट-3)**।

तथ्यों को स्वीकार करते हुए सम्बंधित कार्यकारी अधिकारियों/सचिवों ने कहा (सितम्बर 2012-फरवरी 2013) कि कार्य की अधिकता के कारण बजट आकलन तैयार नहीं किए जा सके थे और भविष्य में ये समय पर तैयार किए जाएंगे।

[1] जिला परिषदें ₹ 5.14 करोड़ : पंचायत समितियां ₹ 14.49 करोड़ और ग्राम पंचायतें ₹ 4.63 करोड़।

1.7.3 पंजिकाओं का गैर-अनुरक्षण

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली, 2002 का नियम 31 अनुबद्ध करता है कि प्रत्येक पंचायती राज संस्था हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (सामान्य) नियमावली, 1997 के नियम 34 में दिए गए महत्वपूर्ण अभिलेखों, पंजिका, प्रपत्रों आदि का अनुरक्षण करेगी।

यह पाया गया कि 2012-13 के दौरान लेखापरीक्षित **(परिशिष्ट-4)** एक पंचायत समिति और 22 ग्राम पंचायतों में महत्वपूर्ण पंजिकाएं जैसे स्टॉक पंजिका, अचल संपत्ति पंजिका, कार्य पंजिका, मस्टर रोल पंजिका अनुरक्षित नहीं की गई थी। अभिलेखों के गैर-अनुरक्षण के कारण वित्तीय लेन-देनों की संशुद्धि निश्चित नहीं की जा सकती थी। सम्बंधित कार्यकारी अधिकारियों/सचिवों ने तथ्यों को स्वीकारा (अप्रैल 2012-फरवरी 2013) और भविष्य में इन अभिलेखों के अनुरक्षण का विश्वास दिलाया।

1.7.4 निजी संसाधनों से आय और सहायता अनुदान/ऋणों के लेखाओं का अनुचित अनुरक्षण

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली, 2002 के नियम 4 के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत और पंचायत समिति से निजी संसाधनों से आय और विशिष्ट उद्देश्यों के लिए प्राप्त सहायता अनुदान एवं ऋणों के अलग खाते रखे जाने अपेक्षित है। जहां पहले मामले में खाता 'क' अनुरक्षित किया जाना था, वहीं दूसरे मामले में खाता 'ख' अनुरक्षित किया जाना था।

यह पाया गया कि पांच ग्राम पंचायतों और एक पंचायत समिति[2] में खाते निर्धारित प्रारूप में अनुरक्षित नहीं किए गए थे और समस्त लेन-देन उपरोक्त नियम का उल्लंघन करते हुए अकेले खाते में किया जा रहा था जिसके कारण निजी संसाधनों से आय और प्राप्त किए गए सहायता अनुदान/ऋणों की संशुद्धि सत्यापित नहीं की जा सकी थी।

1.7.5 बैंक संमाधान विवरणी को तैयार करना

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली, 2002 का नियम 15(10) (ख) प्रावधान करता है कि रोकड़ बही और बैंक खातों के शेष के मध्य किसी भी अंतर का समाधान प्रत्येक मास किया जाना अपेक्षित है। यदि इनमें कोई अन्तर होता है तो उसकी व्याख्या और स्पष्टीकरण पाद टिप्पणी के माध्यम से किया जाएगा।

तथापि यह पाया गया था कि वर्ष 2012-13 के अंत में 53 पंचायती राज संस्थाओं द्वारा रोकड़ बहियों और पास बुकों के मध्य ₹ 3.51 करोड़ के अंतर **(परिशिष्ट-5)** का समाधान नहीं किया गया था। बैंक विवरणियों के साथ समाधान न होने से इन पंचायती राज संस्थाओं के खातों की विश्वसनियता सुनिश्चित नहीं की जा सकती थी। सम्बंधित पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारियों ने बताया (अप्रैल 2012-फरवरी 2013) कि अंतर का समाधान कर लिया जाएगा।

---

[2] पांच ग्राम पंचायतें: बांदी, दिष्टि, बाशा, दशेसड़ा तथा बग्गी (जिला मण्डी से सभी)
एक पंचायत समिति: तीसा (जिला चम्बा)।

1.7.6 वस्तुओं का गैर-लेखाकरण

ग्राम पंचायतों द्वारा स्टॉक पंजिका में वस्तुओं का लेखाकरण न करना।

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली, 2002 के नियम 69 के अंतर्गत समस्त भंडार, जब प्राप्त किए जाते हैं, सुपुर्दगी के समय निरीक्षित, गणना, नापे अथवा तोले जाने, जैसा भी ममला हो, के लिए अपेक्षित होते हैं और उन्हें तत्काल स्टॉक पंजिका में दर्ज किया जाना चाहिए। इस हेतु किसी भी एक दिन की प्रविष्टियों के अंत पर ग्राम पंचायत अथवा पंचायत समिति या जिला परिषद् के सचिव, जैसा भी मामला हो, द्वारा प्राधिकृत प्रमाण पत्र भंडारों के आधिकारिक इंचार्ज द्वारा दिये जाने की अपेक्षा की जाती है जिसमें उल्लिखित होगा कि भंडार उपयुक्त स्थिति तथा विवरण के अनुसार प्राप्त किए गए हैं। भंडारों के आधिक्य पाए जाने की स्थिति में इन्हें अतिरिक्त प्राप्तियों के रूप में अंकित किया जाना चाहिए और न्यूनताएं, यदि कोई है, को लाल स्याही में इंगित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त पूर्वोक्त हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली 2002 का नियम 70 अनुबद्ध करता है कि भंडारों की मदें उचित मांगपत्र के प्रति जारी की जानी चाहिए।

बीस ग्राम पंचायतों में ₹1.59 करोड़ की लागत पर खरीदी गई भंडारों की मदें जैसे कि स्टील, टींबर, फर्निचर, हार्डवेयर आदि का स्टॉक पंजिका में लेखाकरण नहीं किया गया था **(परिशिष्ट-6)**। इन भंडारों के गैर-लेखाकरण की दशा में उठाईगीरी/हानि की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। यह ग्राम पंचायतों के स्तर पर अप्रभावशाली पर्यवेक्षण का द्योतक था। प्रत्युत्तर में सम्बंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों ने बताया (जून 2012-मार्च 2013) कि भंडारों की प्रविष्टि स्टॉक पंजिका में कर ली जाएगी। तथापि तथ्य यह रहा कि सम्बंधित ग्राम पंचायतों द्वारा लेखों के अनुरक्षण पर उचित नियंत्रण का अभाव था।

1.7.7 ₹ 1.13 करोड़ के कार्यों के लेखा का गैर-अनुरक्षण

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली, 2002 के नियम 103 के अंतर्गत पंचायतों के संदर्भ में निष्पादन हेतु लिए गए कार्यों के लेखा सचिव द्वारा अथवा उसके अधीन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अनुरक्षित किए जाने अपेक्षित हैं। समस्त खरीदी गई वस्तुओं, किये गये भुगतानों की मूल रसीदों अथवा कार्यों के निष्पादन से संबद्ध समस्त अन्य अनुरक्षित अभिलेखों की लेखापरीक्षा की जानी होती है।

ग्राम पंचायत बघाईगढ़ (जिला चम्बा) की लेखापरीक्षा के दौरान पाया गया कि अप्रैल 2007 तथा अगस्त 2012 के मध्य ₹ 1.13 करोड़ की लागत के 54 कार्यों का निष्पादन आरंभ किया गया था लेकिन संस्वीकृत राशि, प्रयुक्त राशि की कार्य-वार विवरणी, कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रास्थिति अनुरक्षित नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत के सचिव ने बताया (अक्तूबर 2012) कि आवश्यक अभिलेख भविष्य में अनुरक्षित किए जाएंगे।

1.7.8 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत निधियों का अवरोधन

उन्नीस ग्राम पंचायतों में 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत ₹ 15.38 लाख की निधियां अप्रयुक्त रही।

13वें वित्त आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को जारी किये गये अनुदानों की प्रयुक्तता के लिए राज्य सरकार के खाते में क्रेडिट किए जाने की तिथि से 15 दिनों के भीतर

राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित कर दिए जाने थे और संस्वीकृतियों की तिथियों से छः मास की अवधि के भीतर कार्यों की समाप्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए थी।

यह पाया गया कि 19 ग्राम पंचायतों में 2010-12 के दौरान 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत ₹ 15.44 लाख की राशि प्राप्त की गई थी जिसमें से मार्च 2013 तक मात्र ₹ 0.06 लाख की राशि ही खर्च की गई थी तथा ₹15.38 लाख (**परिशिष्ट-7**) अप्रयुक्त पड़े थे, जिसके लिए सम्बंधित पंचायती राज संस्थाओं के सचिवों ने कोई कारण नहीं दिए थे। अतः उपलब्ध निधियों के उपयोग में विफलता के कारण निधियों का अनावश्यक अवरोधन हुआ और लाभार्थी अभिप्रेत लाभों से भी वंचित रहे।

1.7.9 बकाया निरीक्षण प्रतिवेदन

टी0जी0एस0 के अंतर्गत पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप 2007-13 के दौरान कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), हिमाचल प्रदेश द्वारा सम्बंधित पंचायती राज संस्थाओं को 11,859 परिच्छेदों से युक्त 1760 निरीक्षण प्रतिवेदन जारी किये गये थे। इनमें से मार्च 2013 तक 59 परिच्छेदों का निपटारा किया गया तथा 1760 निरीक्षण प्रतिवेदन तथा 11,800 परिच्छेद् बकाया थे। ब्यौरा **तालिका 7** में दिया गया है:

तालिका 7: बकाया निरीक्षण प्रतिवेदन

क्रमांक	निरीक्षण प्रतिवेदन जारी किये जाने का वर्ष	31 मार्च 2012 तक बकाया निरीक्षण प्रतिवेदन/परिच्छेद्		संवर्धन (वर्ष के दौरान जारी निरीक्षण प्रतिवेदन/परिच्छेदों की संख्या)		योग		2012-13 के दौरान समायोजित किए गए निरीक्षण प्रतिवेदन/परिच्छेदों की संख्या		31 मार्च 2013 तक बकाया निरीक्षण प्रतिवेदन/परिच्छेद्	
		नि0प्र0	परिच्छेद्	नि0प्र0	परिच्छेद्	नि0प्र0	परिच्छेद्	नि0प्र0	परिच्छेद्	नि0प्र0	परिच्छेद्
1.	2007-08	528	2539	-	-	528	2539	-	-	528	2539
2.	2008-09	320	2558	-	-	320	2558	-	14	320	2544
3.	2009-10	336	2427	-	-	336	2427	-	18	336	2409
4.	2010-11	334	2389	-	-	334	2389	-	22	334	2367
5.	2011-12	126	1043	-	-	126	1043	-	05	126	1038
6.	2012-13	-	-	116	903	116	903	-	-	116	903
	योग	**1644**	**10956**	**116**	**903**	**1760**	**11859**	**-**	**59**	**1760**	**11800**

- **नि0प्र0-निरीक्षण प्रतिवेदन।**

बकाया निरीक्षण प्रतिवेदनों तथा परिच्छेदों की बढ़ती प्रवृत्ति लेखापरीक्षा प्रेक्षणों की गैर-अनुपालना का द्योतक है जिसके परिणामस्वरूप उत्तरदायित्व का क्षय हुआ।

अध्याय-2

पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा का परिणाम

अध्याय-2

पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा का परिणाम

2012-13 के दौरान संचालित की गई पंचायती राज संस्थाओं की लेखापरीक्षा में पाई गई कमियों पर आगामी परिच्छेदों में चर्चा की गई है।

2.1 राजस्व

2.1.1 गृह कर की गैर वसूली

इक्यावन ग्राम पंचायतों ने ₹ 12.14 लाख के गृह कर का उद्ग्रहण नहीं किया था।

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली, 2002 के नियम 33 में प्रावधान है कि ग्राम पंचायत के सचिव का कार्य होगा कि समस्त राजस्व ठीक से, अविलम्ब और नियमित रूप से निर्धारित, उद्ग्रहित तथा सम्बंधित पंचायत की निधि के खाते में जमा करवाया जाता है।

इक्यावन ग्राम पंचायतों में मार्च 2013 तक 2006-13 की अवधि के लिए ₹ 12.14 लाख की राशि का गृह कर वसूला नहीं गया था **(परिशिष्ट-8)**। यह ग्राम पंचायतों की ओर से अप्रभावशाली देख-रेख का द्योतक था जिसके परिणामस्वरूप राजस्व, यदि इसकी वसूली न की गई हो, की हानि हो सकती है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के खंड 114 में निहित प्रावधानों के अनुरूप गृह कर के गैर-भुगतान के लिए चूककर्त्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की थी। सम्बंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों ने बताया (जून 2012-फरवरी 2013) कि गृह कर की बकाया वसूली के लिए प्रयास किए जाएंगे।

2.1.2 बकाया किराया

दस पंचायती राज संस्थाएं ₹ 35.77 लाख की राशि का दूकानों का किराया उद्ग्रहण करने में असफल रही।

जिला परिषदें, पंचायत समितियां और ग्राम पंचायतें अपने अधिकार क्षेत्र में दूकानों का अनुरक्षण कर रही थी और ये मासिक किराया आधार पर जनता को किराये पर दी गई थी।

अभिलेखों की संवीक्षा में पाया गया कि दस पंचायती राज संस्थाओं में मार्च 2013 तक 136 दूकानों के किराये के रूप में ₹ 35.77 लाख[3] की राशि 2003-04 से 2012-13 की अवधि से बकाया थी **(परिशिष्ट-9)**। सम्बंधित पंचायती राज संस्थाओं ने बताया (अप्रैल 2012-मार्च 2013) कि चूककर्त्ताओं को बकाया किराया तत्काल जमा करवाने के लिए सूचना भिजवाई गई थी, अन्यथा दूकानों को खाली करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जायेंगे।

---

[3] जिला परिषद्: ₹ 0.43 लाख, पंचायत समितियां: ₹ 33.44 लाख तथा ग्राम पंचायतें: ₹ 1.90 लाख।

2.1.3 आपूर्तिकर्त्ताओं से रायल्टी की गैर-वसूली

तीस ग्राम पंचायतों ने आपूर्तिकर्त्ताओं से ₹ 5.04 लाख की राशि की रायल्टियां वसूल नहीं की थी।

राज्य सरकार के निर्देशों (फरवरी 1999) के अनुसार फार्म 'एम' रेत तथा बजरी के आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा आपूर्ति के लिए खनन अधिकारी से लेना होता है जो प्रमाणित करता है कि उन्होंने रायल्टी पहले ही अदा कर दी है। उपरोक्त फार्म की गैर-प्रस्तुती के मामले में ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्त्ताओं के बिलों से ₹ 20 प्रति मीट्रीक टन की दर पर रायल्टी वसूल की जानी है और उद्ग्रहीत राशि राज्य सरकार को भेजी जानी है। 2006-13 के दौरान 30 ग्राम पंचायतों ने आपूर्तिकर्त्ताओं से फार्म 'एम' लिए बिना 25297.58 मीट्रीक टन सामान जैसे रेत, बजरी आदि की खरीद की थी और ₹ 5.04 लाख **(परिशिष्ट-10)** की राशि की रायल्टी आपूर्तिकर्त्ताओं के बिलों से वसूली नहीं की गई जिसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार को राजस्व घाटा हुआ। सम्बंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों ने बताया (जुलाई 2012-फरवरी 2013) कि राज्य सरकार के संबद्ध निर्देशों की जानकारी के अभाव के कारण आपूरित सामान की रायल्टी आपूर्तिकर्त्ता के बिलों से काटी नहीं जा सकी थी। तथापि, उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस सम्बंध में राज्य सरकार के निर्देशों का भविष्य में पालन किया जायेगा।

2.1.4 शुल्कों की गैर-वसूली

उन्नीस ग्राम पंचायतों में मोबाइल टावरों के अधिष्ठापन/नवीकरण प्रभारों के आधार पर ₹ 4.02 लाख का राजस्व अनुद्ग्रहीत रहा।

हिमाचल प्रदेश सरकार ₹ 4,000 प्रति टावर की दर पर मोबाइल संचार टावरों के अधिष्ठापन पर शुल्क लगाने के लिए ग्राम पंचायतों को प्राधिकृत (नवम्बर 2006) करती है और उनके अधिकार क्षेत्र में अधिष्ठापित प्रति टावर ₹ 2,000 की दर पर वार्षिक नवीकरण फीस का संग्रहण करती है।

उन्नीस ग्राम पंचायतों मे 2006-10 के दौरान उनके अधिकार क्षेत्र में 35 मोबाइल टावर अधिष्ठापित किए गए थे लेकिन मार्च 2013 तक सम्बंधित मोबाइल कम्पनियों से ₹ 4.02 लाख के अधिष्ठापन/नवीकरण प्रभारों की वसूली नहीं की गई थी **(परिशिष्ट-11)**। इसने ग्राम पंचायतों को उनके देय राजस्व अंश से वंचित किया। ग्राम पंचायतों के सम्बंधित सचिवों ने बताया (अप्रैल 2012-जनवरी 2013) कि देयों की शीघ्र वसूली के लिए कार्रवाई की जाएगी।

2.2 बकाया अग्रिम

आठ ग्राम पंचायतों और एक पंचायत समिति ने ₹ 12.01 लाख के बकाया अग्रिमों की वसूली/समायोजन के लिए कार्रवाई नहीं की थी।

(क) हिमाचल प्रदेश पंचायती राज नियमावली, 2002 का नियम 30 प्रावधान करता है कि जब भी ग्राम पंचायत के कार्यालय वाहक अथवा अधिकारी/कर्मचारी को विकासात्मक निर्माण कार्य चलाने के लिए

किसी अग्रिम का भुगतान किया जाता है, उसका रिकार्ड अस्थायी अग्रिमों की पंजिका में रखा जाना चाहिए और ऐसे अग्रिमों का समायोजन नियमित रूप से तथा शीघ्रता से होना चाहिए।

सात ग्राम पंचायतों तथा एक पंचायत समिति के अभिलेखों की संवीक्षा में पाया गया कि 1990 से 2012 के मध्य विभिन्न कार्यालय वाहकों जैसे कि प्रधानों, उप-प्रधानों, वार्ड सदस्यों, अनिर्वाचित कर्मचारियों तथा पंचायत कर्मचारियों को विकासात्मक गतिविधियां आरम्भ करने के लिए ₹ 11.91 लाख के कुल अग्रिमों का भुगतान किया गया था लेकिन यह मार्च 2013 तक असमायोजित रहा **(परिशिष्ट-12)**। इन अग्रिमों की वसूली/समायोजन के लिए किए गए प्रयासों को दर्शाने वाला कोई अभिलेख नहीं था। इनमें से कुछ मामलों में अग्रिम एक से 23 वर्षों की अवधि के लिए बकाया थे। इन अग्रिमों का गैर-समायोजन निधियों के दुर्विनियोजन के जोखिम से अंतर्ग्रस्त है।

इसे चिह्नित करने पर सम्बंधित पंचायती राज संस्थाओं ने बताया (जुलाई 2012-फरवरी 2013) कि इन अग्रिमों की वसूली के लिए प्रयास किए जायेंगे।

(ख) लेखापरीक्षा के दौरान यह पाया गया कि ग्राम पंचायत बघाईगढ़ (जिला चम्बा) के पंचायत सचिव को दिसम्बर 2006 में ₹ 10,849 के अग्रिम का भुगतान किया गया था। तथापि कर्मचारी ने जुलाई 2008 में उसके स्थानांतरण से पूर्व ₹ 1000 के समायोजन के लिए वाऊचर जमा करवा दिये थे। जहां रोकड़ बही में ₹ 1000 के अग्रिम का समायोजन कर दिया गया था, वहीं मार्च 2013 तक ₹ 9,849 की शेष राशि असमायोजित/गैर-वसूली रही थी। अत: ग्राम पंचायत की निष्क्रियता के कारण सम्बंधित सचिव के पास छ: वर्षों से अधिक समय के लिए ₹ 9,849 की राशि पड़ी रही, जो निधियों के दुर्विनियोजन के समान था।

2.3 निविदाएं आमंत्रित किए बिना वस्तुओं की खरीद

तैंतालिस पंचायती राज संस्थाओं ने दर सूची/निविदाएं आमंत्रित किए बिना ₹ 1.90 करोड़ के मूल्य की वस्तुओं की खरीद की।

